पत्र सूचना शाखा
सूचना एवं जनसंपर्क विभाग उत्तर प्रदेश

जल शक्ति मंत्री की अध्यक्षता में उत्तर प्रदेश राज्य बाढ़ नियंत्रण परिषद की स्थायी संचालन समिति की 56वीं बैठक संपन्न

बाढ़ नियंत्रण से सम्बंधित परियोजनाओं को गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखते हुए समय से पूर्ण कराया जाय

–श्री स्वतंत्र देव सिंह

लखनऊः 28 मार्च, 2023

उत्तर प्रदेश के जलशक्ति मंत्री श्री स्वतंत्र देव सिंह द्वारा आज यहां तेलीबाग स्थित, परिकल्प भवन सभागार में बाढ़ एवं जलोत्सारण से सम्बन्धित, उ0प्र0 राज्य बाढ़ नियंत्रण परिषद की स्थाई संचालन समिति की 56वीं बैठक की गयी। बैठक में प्रमुख सचिव, सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग, श्री अनिल गर्ग एवं समिति के सदस्यगण/प्रतिनिधिगण के समक्ष क्षेत्रीय अधिकारियों द्वारा नवीन बाढ़ परियोजनाओं का प्रस्तुतीकरण किया गया। बैठक में उत्तर प्रदेश राज्य बाढ़ नियंत्रण परिषद की स्थायी संचालन समिति के समक्ष प्रस्तुत कुल 9 परियोजनाओं को समिति ने अनुमोदन प्रदान कर दिया है।

उत्तर प्रदेश राज्य बाढ नियंत्रण परिषद की स्थायी संचालन समीति के समक्ष प्रस्तुत कुल 09 परियोजनाओं में से जनपद बहराइच की 01, जनपद बस्ती की 02, जनपद देवरिया की 01, जनपद कुशीनगर की 03, जनपद बलरामपुर की 01 एवं जनपद लखीमपुर खीरी की 01 परियोजना सम्मिलित है। इन परियोजनाओं के पूर्ण होने से बहारइच जनपद में 15000 हेक्टेयर कृषि भूमि लाभान्वित होगी। इसी प्रकार जनपद बस्ती में 5269.43 हेक्टेयर कृषि भूमि लाभन्वित होगी। जनपद देवरिया में 1250 हेक्टेयर कृषि भूमि एवं लगभग 4500 की आबादी को लाभ मिलेगा। जनपद कुशीनगर में 03 परियोजनाएं पूर्ण होने से 59850 हेक्टेयर कृषि भूमि एवं 348900 की आबादी को सुरक्षित किया जा सकेगा। जनपद बलरामपुर में परियोजना पूर्ण होने पर 800 हेक्टेयर की कृषि भूमि एवं 8000 की आबादी को लाभ मिलेगा। जनपद लखीमपुर–खीरी परियोजनाओं के पूर्ण होने से 313 हेक्टेयर की कृषि भूमि एवं 5300 की आबादी को सुरक्षित किया जा सकेगा।

जल शक्ति मंत्री ने विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिया कि सभी बाढ़ परियोजनाओं का क्रियान्वयन धरातल पर पूर्ण पारदर्शिता एवं गुणवत्ता का विशेष ध्यान

रखते हुए समय से पूर्ण कराया जाय। उन्होंने निर्देश दिया कि प्रत्येक कार्य में क्षेत्रीय अधिकारियों द्वारा गुणवत्ता और पारदर्शिता सुनिश्चित की जाय। विगत वर्षों की भॉति इस वर्ष भी प्रदेश में बाढ़ कार्यों की परियोजनाओं को अभियान चलाकर तेज़ी से पूर्ण कराया जाय।

जल शक्ति मंत्री ने कहा कि प्रदेश विकास के पथ पर तेजी से अग्रसर है। बाढ़ कार्यों के पारदर्शी व गुणवत्तापूर्ण क्रियान्वयन हेतु और बाढ़ से होने वाली सम्भावित क्षति को न्यून से न्यूनतम् करने हेतु सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग तत्पर एवं दृढ़ संकल्प है। इस संकल्प का मूल तत्व सबका साथ, सबका विकास एवं सबका विश्वास है।

जल शक्ति मंत्री द्वारा इस अवसर पर सिंचाई विभाग की एक वर्ष की उपलब्धियों पर भी चर्चा की गई तथा सिंचाई एवं बाढ़ के समस्त कार्यों को पूर्ण पारदर्शिता, गुणवत्ता/मानक एवं समयबद्धता के साथ कराये जाने के निर्देश दिये गये।

बैठक में प्रमुख सचिव, सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग, श्री अनिल गर्ग, विशेष सचिव सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग श्रीमती अनीता सिंह वर्मा, अध्यक्ष एवं प्रशासक कमांड एरिया डेवलपमेंट अथारिटी श्री मृदुल चौधरी, प्रमुख अभियन्ता एवं विभागाध्यक्ष, श्री एन0सी0 उपाध्याय, प्रमुख अभियंता (यांत्रिक) श्री देवेंद्र अग्रवाल, प्रमुख अभियन्ता (परि0 एवं नियो0) श्री आलोक कुमार जैन, प्रमुख अभियन्ता (परियोजना) श्री अनिल कुमार, सम्बंधित क्षेत्रिय मुख्य अभियंता सहित अन्य सम्बंधित विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

सम्पर्क सूत्र– अभिषेक सिंह/अजय द्विवेदी

राघवेन्द्र/06:30 PM

फोन नम्बर Direct : 0522–2239023 ई0पी0बी0एक्स0: 0522–2239132,33,34,35 एक्सटेंशन : 223 224 225
फैक्स नं0 : 0522–2237230 0522–2239586 ई–मेल : upsoochna@gmail.com
वेबसाइट :www.information.up.gov.in